THE VILLAGE
INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"

**Date:6/12/23** | **MODEL EXAM -1 (2023-24)** | **Max marks: 80**
**GRADE: XAB** | **LANGUAGE 2 -HINDI** | **Time: 3 Hours**

**ANSWER KEY**

1. **निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए |**

2. **प्रश्नों के उत्तर अंक अनुसार व क्रमानुसार दीजिए |**

3. **इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ ' और 'ब'**

4. **खंड 'अ ' में कुल 10 प्रश्न पूछे गए हैं| दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

5. **खंड 'ब ' में 8 रचनात्मक लेखन के प्रश्न हैं तथा इन सभी को निर्देशानुसार हल कीजिए।**

6. **कुल 18 प्रश्नों की सख्या है।**

7. **प्रत्येक प्रश्न को ध्यान पूर्वक पढ़ते हुए यथासभंव क्रमानुसार उत्तर लिखिए।**

| प्रश्न | खंड -अ ( वस्तुपरक प्रश्न ) | अंक |
|---|---|---|
| I | **नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए** | 1X5=5 |
| | नागरिक के कर्तव्य और अधिकारों की समष्टि को नागरिकता कहा जाता है। नागरिकता ऐसी विशेषता है, जिसके अभाव में मनुष्य न तो समाज का आवश्यक अंग बन पाता है और न राज्य का। इसके बिना मनुष्य का जीवन एक प्रकार से या तो पशुवत् हो जाता है या महान् विरागी सन्यासी के समान, जिसका सांसारिकता से कोई संबंध नहीं होता। अतः नागरिकता हर मनुष्य को नागरिक बनाने के लिए आवश्यक है। सदाचार का अर्थ है-सत् + आचार = सात्विक व्यवहार। किंतु साधारण अर्थ में इसका प्रयोग उन सभी व्यवहारों और कार्यों के लिए होता है जो समाज द्वारा हो और अच्छे सामाजिक क्रियाओं को नियंत्रित करता रहता है। इसकी आवश्यकता होती है. समाज को व्यवस्थित तथा स्पंदित रखने के लिए। झूठ न बोलना, चोरी न करना, किसी को | |

अनावश्यक ढंग से न सताना आदि सदाचार माने जाते हैं। इन सब कार्यों का त्याग इसलिए आवश्यक होता है कि इनसे समाज में अव्यवस्था उत्पन्न होती है तथा समाज का ढाँचा लड़खड़ा जाता है। समाज उन्हीं गुणों का आदर-सम्मान करता है जो सामाजिक विधियों को दृढ़ बनाने में तथा बहुजन हिताय और बहुजन सुखाय कार्यों में सहायक होते हैं।

(1)गद्यांश में ‘सांसारिकता से क्या अभिप्राय है?

(i) सांसारिक जीवन से विरक्ति का भाव

(ii) सांसारिक भोग-विलास के साधन

(iii) सांसारिक कर्तव्यों और अधिकारों का निर्वहन

(iv) सांसारिक जीवन से माया-मोह

(2) समाज द्वारा मनुष्य की दैनिक और सामाजिक क्रियाओं को नियंत्रित क्यों किया जाता है?

(i) नागरिकों को कर्तव्य पालन सिखाने के लिए

(ii)समाज को व्यवस्थित और मर्यादित करने के लिए

(iii) सांसारिक जीवन से मोह भंग न होने के लिए

(iv) अनाचार को बढ़ावा देने के लिये

(3)गद्यांश के अनुसार निम्नलिखित में से किसे सदाचार माना जाता है ?

(i)झूठ न बोलना

(ii)चोरी न करना

(iii)किसी को अनावश्यक रूप से न सताना

(iv) ये सभी

(4) नागरिकता का अर्थ है-

(i) अनाचार को बढ़ावा

(ii) कर्तव्य और अधिकारों का समूह

(iii सामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण

(iv) सिर्फ़ अधिकारों की अपेक्षा

(5) निम्नलिखित कथन (A) और कारण (B) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। फिर नीचे दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए-

कथन (A) सदाचार समाज को व्यवस्थित तथा स्पंदित रखने के लिए आवश्यक है

कारण (R) सदाचार द्वारा बहुजन हिताय और बहुजन सुखाय कार्यों में सहायता होती हैं।

1. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है।
2. कथन (A) गलत है। लेकिन कारण (R) सही है
3. कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है

| | | |
|---|---|---|
| | 4. कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं लेकिन कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है। | |
| **2** | **नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए** | **1X5=5** |
| | लोभ और अहंकार किसलिए जबकि एक दिन सब कुछ यहीं छोड़कर जाना है। लोभ का कोई अंत नहीं। जब सिकंदर जैसे लोग साथ नहीं ले जा पाए तो इतनी धन लालसा करने से क्या लाभ। यह एक अंधी दौड़ है, जिसमें आप कितना भी आगे निकल जाएँ, फिर भी किसी से आप पीछे रहेंगे ही और अंत में सभी कुछ यहीं छोड़कर चले जाएँगे। इसलिए ज्ञानी संत कह गए हैं। कि हमें अपनी आवश्यकताओं और कामनाओं को सीमित करना चाहिए, क्योंकि वे अंतहीन हैं और आप उसके भँवर में फँसकर अपनी सुख-शांति सब खो देंगे। यदि व्यक्ति परिग्रह-रहित जीवन यापन करें, यदि वह यह मानकर चलें कि उसका कुछ नहीं है, यह तो ईश्वर की देन है और वह इसका एक अभिरक्षक या सरंक्षक है, तो वह खोने-पाने के तनाव से मुक्ति पा सकता है। गीता में कहा गया है- मैं कौन हूँ, मैं क्या लाया था, मैं क्या ले जाऊँगा। यदि हम अपने जीवन को तनावरहित और खुशहाल बनाना चाहते हैं तो हमें व्यर्थ की धन-वैभव की लालसा और लोभ छोड़कर जीवन को ईश्वर की अमानत समझकर, ईश्वर का आशीर्वाद समझकर दूसरों की भलाई करते हुए एक संरक्षक की तरह कर्त्तव्य का निर्वाह करते हुए जीवनयापन करना होगा।<br><br>(क) धन-संपदा की लालसा करने से क्यों मना किया गया है?<br>(i) मृत्यु के बाद सब यहीं छूट जाना है।<br>(ii) धन संपदा का जीवन में कोई महत्त्व नहीं होता है।<br>(iii) इससे जीवन में सुख-शांति आती है।<br>(iv) सिकंदर अपने साथ कुछ नहीं ले जा पाया था।<br><br>(ख) जीवन को तनावरहित और खुशहाल रखने के लिए क्या करना चाहिए?<br>(i) धन-वैभव की लालसा का त्याग (ii) दूसरों की भलाई करते जीवन यापन<br>(iii) ईश्वर की भक्ति करना (iv) ये सभी<br><br>(ग) हमें अपनी आवश्यकताओं और कामनाओं को सीमित करने को कहा गया है क्योंकि-<br>(i) हम अधिक धन -संपत्ति एकत्र नहीं कर सकते।<br>(ii) यह ज्ञानी- संतों की सलाह है।<br>(iii) कामनाएँ अंतहीन हैं और उनके भँवर में फ़ँसकर हम सुख-शांति सब खो देंगे।<br>(iv) गीता में कहा गया है- मैं कौन हूँ, मैं क्या लाया था, मैं क्या ले जाऊँगा।<br><br>(घ) लेख के अनुसार जीवन में कर्तव्य का निर्वाह कैसे करना चाहिए? | |

| | | |
|---|---|---|
| | (i) स्वयं को अधिकारी मानकर स्वामी की तरह ।<br>(ii) जीवन को ईश्वर की देन मानते हुए संरक्षक की तरह।<br>(iii) बहुत सारी धन-संपत्ति एकत्र करके।<br>(iv) अपनी सभी इच्छाओं को पूरा करके।<br><br>(ङ) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढिए। तत्पश्चात नीचे दिए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए।<br>कथन(A) : हमें अपनी आवश्यकताओं और कामनाओं को सीमित करना चाहिए।<br>कारण (R): लालच एक अंधी दौड़ है, जिसमें आप कितना भी आगे निकल जाएँ, फिर भी किसी से आप पीछे रहेंगे ही और अंत में सभी कुछ यहीं छोड़कर चले जाएँगे।<br>● कथन (A) सही है , कारण (R) गलत है।<br>● कथन (A) गलत है , कारण (R) सही है।<br>● कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता।<br>● कथन (A) (R) और कारण (A) (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है। | |
| **3** | **निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित 5 बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्ही चार  प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | **1X4=4** |

PREPARED BY - Ms.VINEETHA MANOJ CHECKED BY - Ms VIDHYA RAJESH

1. दो हष्ट-पुष्ट लोग बड़े पत्थर को रास्ते से हटा पाए

i) विशेषण पदबंध

ii) क्रिया पदबंध

iii) संज्ञा पदबंध

iv) सर्वनाम पदबंध

2. राधा का कुत्ता अत्यंत सुंदर, और आज्ञाकारी है।

i) विशेषण पदबंध

ii) संज्ञा पदबंध

iii) सर्वनाम पदबंध

iv) क्रिया पदबंध

3. चोरी करने वाले बदमाशों में से कुछ पकड़े गए।

i) क्रिया पदबंध

ii) सर्वनाम पदबंध

iii) विशेषण पदबंध

iv) संज्ञा पदबंध

4. उस छत के कोने में बैठा हुआ व्यक्ति पागल है।

i) क्रिया पदबंध

ii) सर्वनाम पदबंध

iii) विशेषण पदबंध

iv) संज्ञा पदबंध

5. वह विद्यालय से निकल कर बाजार की ओर आया होगा।

i) विशेषण पदबंध

ii) क्रिया पदबंध

iii) संज्ञा पदबंध

iv) सर्वनाम पदबंध

| | | |
|---|---|---|
| 4 | **निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद ' पर आधारित 5 बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | **1X4=4** |
| | प्रश्न 1 - 'आप घर जाएँगें या पार्क जाएँगे।' वाक्य संबंधित है-<br>(क) संयुक्त वाक्य से<br>(ख) सरल वाक्य से<br>(ग) मिश्र वाक्य से<br>(घ) प्रश्न वाक्य से<br>प्रश्न 2 - 'राम आया; सब प्रसन्न हो गए।' वाक्य का संयुक्त वाक्य रूपांतरण है-<br>(क) राम आया और सब प्रसन्न हो गए।<br>(ख) जैसे ही राम आया सभी प्रसन्न हो गए।<br>(ग) राम के आते ही सभी प्रसन्न हो गए।<br>(घ) उपरोक्त कोई नहीं<br>प्रश्न 3 - 'उसने पिज्जा खाया और चक्कर खाकर गिर पड़ा' वाक्य का मिश्र वाक्य रूपांतरण होगा-<br>(क) उसने जैसे ही पिज्जा खाया, वैसे ही चक्कर खाकर गिर पड़ा।<br>(ख) पिज्जा खाते ही वह चक्कर खाकर गिर पड़ा।<br>(ग) वह पिज्जा खाकर चकराकर गिर पड़ा।<br>(घ) पिज्जा वह जैसे ही खाया चक्कर खाकर गिर पड़ा।<br>प्रश्न 4 - 'राधा दौड़कर मेरे पास आई।' वाक्य का संयुक्त रूप है-<br>(क) राधा दौड़ी और मेरे पास आई।<br>(ख) राधा तेजी से दौड़कर मेरे पास आयेगी।<br>(ग) राधा जल्दी-जल्दी दौड़ी एवं मेरे पास आई।<br>(घ) राधा जैसे ही दौड़ी मेरे पास आ आई।<br>प्रश्न 5 - 'ममता आई और चली गई। वाक्य का सरल रूप निम्न विकल्पों से चुनें-<br>(क) जैसे ही ममता आई वह चली गई।<br>(ख) ममता आई और गई।<br>(ग) ममता आकर चली गई।<br>(घ) ममता आई और खड़े-खड़े चली गई। | |
| 5. | **निर्देशानुसार 'समास ' पर आधारित 5 बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | **1X4=4** |

| | | |
|---|---|---|
| | 1.दशानन' में कौन-सा समास है ?<br><br>(A) तत्पुरुष (B) कर्मधारय (C) बहुव्रीहि (D) द्विगु<br><br>2.'चौराहा' शब्द में कौन-सा समास है ?<br><br>(A) कर्मधारय (B) द्वंद्व (C) द्विगु (D) अव्ययीभाव<br><br>3.'देव जो महान है' यह किस समास का उदाहरण है ?<br><br>(A) कर्मधारय (B) बहुव्रीहि (C) तत्पुरुष (D) अव्ययीभाव<br><br>4.'घुड़दौड़' का समास-विग्रह बताइए ?<br><br>(A) घोड़े जैसी तेज़ दौड़ (B) घोड़े की दौड़<br><br>(C) दौड़ने वाला घोड़ा (D) घोड़ा और दौड़<br><br>5.समास कितने भेद होते है ?<br><br>(A) तीन (B) नौ (C) छः (D) आठ | |
| **6.** | **निर्देशानुसार 'मुहावरों ' पर आधारित 5 बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | **1X4=4** |
| | प्रश्न 1 - पढ़ाई में मेहनत कर मैं ........….. हो सकता हूँ। मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :-<br>I. अंधों में काना राजा<br>II. एक पंथ दो काज<br>III. अपना हाथ जगन्नाथ<br>IV. पैरों पर खड़ा होना<br>प्रश्न 2 - 'विपत्ति में उसकी अक्ल .................... उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :-<br>I. खो जाना<br>II. ठनक जाना<br>III. चकरा जाना<br>IV. आग बबूला हो जाना | |

| | | |
|---|---|---|
| | प्रश्न 3 - सच्चे शूरवीर देश की रक्षा में प्राणों की ................... हैं। रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए :-<br>I. बाजी लगा देते हैं।<br>II. जान लगा देते हैं।<br>III. ताकत लगा देते हैं।<br>IV. आहुति लगा देते हैं।<br>प्रश्न 4 - गरीब माँ-बाप अपना ................... कर बच्चों को पढ़ाते हैं और वे चिंता नहीं करते। रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए :-<br>I. गला काट।<br>II. पेट काट।<br>III. खून बहा।<br>IV. मन लगा।<br>प्रश्न 5 - विद्वान और वीर होकर भी रावण की ................... पड़ गया था कि उसने माता सीता का अपहरण किया। मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :-<br>I. अंधों में काना राजा<br>II. एक पंथ दो काज<br>III. अक्ल पर पत्थर<br>IV. पैरों पर खड़ा होना | |
| **7** | निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए | **1X5=5** |
| | विचार लो कि मर्त्य हो न मृत्यु से डरो कभी,<br>मरो, परंतु यों मरो कि याद जो करें सभी।<br>हुई न यों सुमृत्यु तो वृथा मरे, वृथा जिए,<br>मरा नहीं वही कि जो जिया न आपके लिए।<br>वही पशु-प्रवृत्ति है कि आप आप ही चरे, | |

वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

i. कवि ने किसकी मृत्यु को सुमृत्यु माना है?

क) शिक्षित मनुष्य की ख) स्वार्थी मनुष्य की ग) अमीर मनुष्य की

घ) परोपकारी मनुष्य की

ii. कवि के अनुसार पशु-प्रवृत्ति क्या होती है?

क) देश के लिए जीना ख) दूसरों के लिए जीना ग) इनमें से कोई नहीं

घ) केवल अपने लिए जीना

iii. मरा नहीं वही कि जो जिया न आपके लिए पंक्ति का क्या आशय है?

क) जिसकी इच्छाएँ कभी पूरी नहीं होतीं, वह कभी नहीं मरता।

ख) जो अपना जीवन परोपकार में लगा देता है, वह कभी नहीं मरता।

ग ) जो अपने लिए जीता है, वह कभी नहीं मरता।

घ ) जो पशुओं की भाँति जीता है, वह कभी नहीं मरता।

iv. अमर कौन हो जाता है?

क) परोपकार करने वाला ख) तपस्या करने वाला ग) पशु के समान जीवन जीने वाला
घ) राज करने वाला

v. निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए-

क. स्वार्थ की भावना का होना पशु-प्रवृति की निशानी है।

ख. परमार्थ की भावना ही मनुष्य की पहचान है।

| | | |
|---|---|---|
| | ग. हमारी मृत्यु यादगार होनी चाहिए।<br><br>घ. दूसरों के लिए जीने वालों का जीना व्यर्थ होता है।<br><br>ङ. जो अपने लिए जीता है वही वास्तव में जीवित है।<br><br>पद्यांश से मेल खाते वाक्यों के लिए उचित विकल्प चुनिए –<br><br>i. (क), (घ), (ग) ii. (ग), (घ), (ङ) (iii) ( ङ ) (घ), (ग )<br><br>(iv) (ख), (घ), (ङ) | |
| **8.** | निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर देने केलिए उचित विकल्प का चयन कीजिये | **1x2=2** |
| | **1.'औरन कौं सुख होइ' पंक्ति का प्रयोग किस अर्थ में किया गया है?**<br><br>(a) मधुर वाणी सुननेवाले को सुख प्रदान करती है<br><br>(b) मधुर वाणी सुनने से सुख और बढ़ जाता है<br><br>(c) मधुर वाणी सुनकर दुख दूर हो जाते हैं<br><br>(d) मधुर वाणी परायों को भी अपना बना लेती है<br><br>2.**'सब अँधियारा मिटि गया' का प्रयोग किस अर्थ में किया गया है?**<br><br>(a) घना अँधेरा<br><br>(b) विषय-वासना रूपी अंधकार<br><br>(c) मोह-माया रूपी अंधकार<br><br>(d) अज्ञान रूपी अंधकार | |
| **9** | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए | **1x5=5** |

ऐसी एक घटना का जिक्र सिंधी भाषा के महाकवि शेख आयस ने अपनी आत्मकथा में किया हैI उन्होंने लिखा है एक दिन उनके पिता कुएं से नहाकर लौटे lमाँ ने भोजन भरोसा l उन्होंने जैसे ही रोटी का कौर तोड़ा, उनकी नजर अपनी बाहों पर पड़ी l वहाँ एक कला च्योंटा रेंग रहा था l वह भोजन छोड़कर उठ खड़े हुए l माँ ने पूछा क्या बात है? भोजन अच्छा नहीं लगा ? शेख आयास के पिता बोले नहीं यह बात नहीं हैl मैंने एक घर वाले को बेघर कर दिया है l उस बेघर को कुएं पर उसके घर छोड़ने जा रहा I

1. शेख इस किस भाषा के महाकवि थे

a)हिंदी के b)सिंधी के c)अंग्रेजी के d)मराठी के

2. शेख आयस के पिता कहाँ से नहाकर लौटे थे?

a)तालाब से b) कुएं से c)नदी से d)स्नानघर से

3. गद्यांश के अनुसार शेक आयस के पिता जीवन के प्रति थे

a)संवेदनहीन b)उदासीन c)निर्दय d)संवेदनशील

4. निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R)को ध्यान पूर्वक पढ़िए, उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए

कथन (A) शेख इस के पिता भजन छोड़कर उठ खड़े हुए

कारण (R) एक काला च्योंटा उनकी रोटी पर रेंग रहा था

कथन( A) तथा कथन (R) दोनों गलत है

कथन ( A) गलत है लेकिन कारण ( R) सही है

कदन ( A) सही है लेकिन कारण ( R )उसकी गलत व्याख्या करता है

कथन ( A) तथा कथन ( R) दोनों सही है तथा कारण ( R) कथन ( A) की सही व्याख्या करता है

5. शेख अयास के पिता भोजन छोड़कर खड़े हुए I इसके कारणों पर विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए

a)भोजन अच्छा नहीं बना था b)उन्हें भूख नहीं थी c) वे नाराज हो गए थे d) उन्हें छोटे को कुएं पर छोड़ने जाना था

केवल (a)

| | | |
|---|---|---|
| | केवल (4)<br><br>(2) और (4)<br><br>(1) और (3) | |
| **10** | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए | **1x2=2** |
| | 1.निम्नलिखित में से किसी वाक्य के अनुसार बड़े भाई साहब को लगता था कि छोटा भाई दादा की गाटी कमाई बर्बाद कर रहा है-<br><br>a) बड़े भाई को सम्मान न देने के कारण b)खाने -पीने में अधिक खर्च करके कारण<br><br>c)खेल - कूद में समय बर्बाद करने के कारण d)अध्यापकों का आधार न करने के कारण<br><br>1) केवल a 2) b और d 3) केवल c 4) A और b | |
| | 2. ऐसी उडती हुई धुल से प्रतीत होता है जैसे की एक पूरा काफिला चला आ रहा है…….. यह कथन किसका है?<br><br>a)कर्नल कालिज का b) कर्नल रोज का c) किसी का नहीं D) वजीर अली का | |
| **11** | **खंड–ब (वर्णनात्मक प्रश्न)**<br><br>निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए: | **3x2=6** |
| | 1.बड़े भाई को अपने मन की इच्छाएँ क्यों दबानी पड़ी थी ?<br><br>बड़े भाई की उम्र छोटे भाई से पाँच वर्ष अधिक थी। वे होस्टल में छोटे भाई के अभिभावक के रूप में थे। वे अपनी इच्छाओं पर नियंत्रण रखते थे। उन्हें भी खेलने पंतग उड़ाने तमाशे देखने | |

| | | |
|---|---|---|
| | का शौक था परन्तु अगर वे ठीक रास्ते पर न चलते तो भाई के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी कैसे निभाते। अपने नैतिक कर्त्तव्य का बोध करके वे अनुशासित रहते और अपनी इच्छाएँ दबा लेते।<br><br>2) रूढ़ियाँ कब बुराई का रूप धारण कर लेती हैं? उनसे छुटकारा कैसे पाया जा सकता है? तताँरा-वामीरो पाठ के आधार पर लिखिए।<br><br>रुढ़ियां मानव की सहूलियत के लिए बनाई जाती हैं। परिवर्तन संसार का नियम है और समय में निरंतर परिवर्तन होता रहता है। आवश्यक नहीं कि कोई भी मान्यता या परंपरा जो 50 साल पहले प्रासंगिक थी वह आज भी प्रासंगिक हो। इसलिए किसी भी प्राचीन परंपरा या रुढ़ि को हमेशा ढोते रहना बोझ के समान बन जाता है। समय के साथ संसार में नित्य होने वाले नए परिवर्तन को स्वीकारना चाहिए और पुरानी अनुपयोगी एवं अप्रसांगिक परंपराओं और रूढ़ियों को त्याग देना चाहिए। यही विकास का प्रतीक है। अगर हम जबरदस्ती अपनी प्राचीन परंपराओं को अनावश्यक रूप से ढोते रहेंगे तो वैसी रुढियां हमारे लिये बोझ के सामान बन जाती हैं और यह रूढ़ियां हमारे लिए सहूलियत नहीं बल्कि असुविधा पैदा करती हैं। इसलिए रुढ़ियां जब बुराई और बोझ बनने लगे तो उनसे छुटकारा पाया जाना ही अच्छा होता है।<br><br>3)**)** कर्नल कालिंज और लेफ्टिनेंट, वज़ीर अली के जीवन से प्रभावित थे। ‘कारतूस’ पाठ के आधार पर कथन की सत्यता सिद्‌ध कीजिए।<br><br>**वज़ीर अली रॉबिनहुड की तरह साहसी, हिम्मतवाला और बहादुर था। वह भी रॉबिनहुड की तरह किसी को भी चकमा देकर भाग जाता था। वह अंग्रेज़ी सरकार की पकड़ में नहीं आ रहा था। कम्पनी के वकील को उसने मार डाला था। उसकी बहादुरी के किस्से सुनकर ही कर्नल को रॉबिनहुड की याद आती थी।** | |
| **12** | निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए: | **3x2=6** |

| | | |
|---|---|---|
| | 1.पर्वत प्रदेश में वर्षा ऋतु में प्राकृतिक सौंदर्य कई गुना बढ़ जाता है, परंतु पहाड़ों पर रहने वाले लोगों के दैनिक जीवन में क्या कठिनाइयाँ उत्पन्न होती होंगी? उनके जीवन के विषय में अपने विचार लिखिए।<br>पर्वतीय प्रदेशों में वर्षा ऋतु में प्राकृतिक सौन्दर्य तो कई गुना बढ़ जाता है, परन्तु इस ऋतु में पहाड़ों पर जीवन व्यतीत करने वाले लोगों के लिए कई समस्याएँ उत्पन्न हो जाती हैं जैसे वर्षा के कारण पहाड़ों की भूमि फिसलन भरी हो जाती है जिसके कारण पहाड़ों से फिसलकर गिरने का खतरा बढ़ जाता है।<br><br>**2.** 'कर चले हम फ़िदा' कविता में कवि ने देशवासियों से क्या अपेक्षाएँ रखी हैं? क्या हम उन अपेक्षाओं को पूरा कर रहे हैं? तर्क सहित उत्तर दीजिए।<br><br>इस कविता में कवि ने देशवासियों से बलिदानी सैनिकों के मन की आवाजें सुनने और उसी की तरह देश की रक्षा हेतु सर्वस्व समर्पण को तत्पर रहने की शपथ लेने की अपेक्षा की है। कवि चाहता है कि हम बलिदान की राह को सूना न होने दें वरन् काफिला बनाकर उसमें शामिल होते रहें।<br><br>3.कविता "मनुष्यता" में कवि कहते हैं, "परस्परावलंब से उठो तथा बढ़ो सभी।" इस पंक्ति का अर्थ अपने जीवन से एक उदाहरण देकर समझाइए।<br><br>सामने, एक दूसरे का सहारा, अनुसार मनुष्य के बाहरी भेद अवश्य हैं, परंतु हमारी अंतरात्मा एक ही है | |
| **13** | निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए: | **3x2=6** |
| | 1. अनपढ़ होते हुए भी हरिहर काका दुनिया की बेहतर समझ रखते हैं? कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए।<br>अनपढ़ होते हुए भी हरिहर काका दुनिया की बेहतर समझ रखते थे, क्योंकि उन्हें दुनिया के स्वार्थीपन का पता था। उन्हें मालूम था कि उनके | |

| | | |
|---|---|---|
| | जो भी संबंधी है या मित्रगण हैं अथवा ठाकुरबारी के संत सब उनकी संपत्ति पर अपनी नजरें गड़ाए हुए हैं। यानि सब संपत्ति के लोभ में ही उनका आदर सम्मान और खातिरदारी करते हैं।<br>2.विद्यालय में प्रधानाचार्य व शिक्षकों का व्यवहार छात्रों से किस प्रकार होंना चाहिए? सपनों के-से दिन पाठ के आधार पर तर्क देते हुए उत्तर लिखिए।<br>अपना मनोविचार और चिंता के अधर पर लिखना चाहिए ।<br>3. "त ऊ बादशा का किहिस कि तुरंते ऐक ठो हिरन मार लिआवा...।" यही बोली टोपी के दिल में उतर गई थी। इफ़्फ़न की दादी उसे अपनी माँ की पार्टी की दिखाई दीं। अपनी दादी से तो उसे नफ़रत थी, नफ़रत। जाने कैसी भाषा बोलती थीं। इफ़्फ़न के अब्बू और उसकी भाषा एक थी। 'टोपी शुक्ला' पाठ में बच्चों की मनोवृत्ति पर किस प्रकार प्रकाश डाला गया है?<br>दादी की भाषा पर वह कभी नहीं मुस्कराया। उसे तो अच्छी-भली लगती थी। परन्तु अब्बू नहीं बोलने देते थे। और जब भी वह दादी से इसकी शिकायत करता तो वह हँस पड़तीं," अ मोरा का है बेटा! अनपढ़ गँवारन की बोली तूँ काहे को बोले लग्यो। तूँ अपने अब्बा की ही बोली बोलौ।" बात ख़त्म हो जात और कहानी शुरू हो जाती-<br>"त ऊ बादशा का किहिस कि तुरंते ऐक ठो हिरन मार लियावा.... "<br>यह बोली टोपी के दिल में उतर गई थी। इफ़्फ़न की दादी उसे अपनी माँ की पार्टी की दिखाई दीं। अपनी दादी से तो उसे नफ़रत थी, नफ़रत। जाने कैसी भाषा बोलती थीं। इफ़्फ़न के अब्बू और उसकी भाषा एक थी। | |
| **14** | संकेत बिदुओं के आधार पर **किसी एक विषय पर** लगभग 80-100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखें | **1x5=5** |

PREPARED BY - Ms.VINEETHA MANOJ CHECKED BY - Ms VIDHYA RAJESH

**(1) कमरतोड़ महँगाई**

- बढ़ती महँगाई
- कारण
- मुक्ति के उपाय

**(2) महानगरों में महिलाओं की सुरक्षा**

- महानगरों की समस्या और सुरक्षा की स्थिति
- महिलाओं की असुरक्षा
- कारण, प्रभाव और समाधान

**(3) मित्र की परख संकट में**

- मित्रता का महत्व
- अच्छे मित्र बुरे मित्र की पहचान
- मित्रता सौभाग्य से

कोई भी वस्तुओं और उत्पादों की कीमत में वृद्धि होने को महंगाई । महंगाई के कारन देश की अर्थव्यवस्था में उतार-चढ़ाव आते हैं। महंगाई मनुष्य की रोजी-रोटी को भी प्रभावित करता है। बढती हुई महंगाई भारत की एक बहुत ही गंभीर समस्या है। सरकार एक तरफ महंगाई को कम करने की बात करती है वही दूसरी तरफ महंगाई दिन-प्रतिदिन बढती जा रही है। आज देश में महंगाई मानो आसमान छू रही हो। कई लोग महंगाई के कारन शहर को छोड़कर अपने गांव बस जाते है क्यूंकि रोज की महंगाई उन्हें शहर में बसने नहीं देती। आज सभी लोग महंगाई को कम करने की मांग कर रही है। परंतु महंगाई देश में साल-दर-साल ऊपर चली जा रही है।

**आवश्यक वस्तुओं हुई महंगी**

कमरतोड़ महंगाई जीवन के लिए आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों में निरन्तर वृद्धि (महंगी) उत्पादन की कमी और माँग की पूर्ति में असमर्थता की परिचायक है। बढ़ती हुई महंगाई जीवन-चालन के लिए अनिवार्य तत्वों (कपड़ा, रोटी, मकान) की पूर्ति पए गरीब जनता के पेट पर ईंट बाँधती है, मध्यवर्ग की आवश्यकताओं में कटौती करती है, वही धनिक वर्ग के लिए आय के स्रोत उत्पन्न करती है।

| | | |
|---|---|---|
| | देसी घी तो आँख आँजने को भी मिल जाए तो गनीमत है। वनस्पति देवता का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए भी बहुत रजत-पुष्प चढ़ाने पड़ते हैं । पेट्रोल, डीजल, मिट्टी के तेल, रसोई गैस की दिन-प्रतिदिन बढ़ती मूल्य-वृद्धि ने दैनिक जीवन पर तेल छिड़ककर उसे भस्म करने का प्रवास किया है। तन ढकने के लिए कपड़ा महंगाई के गज पर सिकुड़ रहा है। सब्जी, फल, दालें और अचार गृहणियों को पुकार-पुकार कर कह रहे हैं - ' रूखी सूखी खाय के ठंडा पानी पिए।' रही मकान की बात, अगर महंगाई की यही स्थिति रही तो लोग जंगल में रहने लगेंगे। दिल्ली की हालत यह है कि दो कमरे-रसोई का सैट तीन-चार हजार रुपये किराये पर भी नहीं मिलता। इतने महंगाई में कैसे गुजरा करेंगे देश के गरीब वर्ग और मध्य वर्ग के लोग। | |
| **15** | (1) नगर की सफाई-दुर्व्यवस्था की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए स्वास्थ्य मंत्री को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। $(5 \times 1 = 5)$<br>**अथवा**<br>(2) दैनिक जागरण समाचार-पत्र संपादक को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए, जिसमें दिल्ली में बढ़ती हुई अपराध-वृत्ति की ओर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया हो।<br>१.फॉर्मेट 2. विषय ३.भाषा | **5x1=5** |
| **16** | निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए– | **4x1=4** |
| | (1) प्रधानाचार्य की ओर से विद्यालय में स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने जा रही खेल प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु सूचना लगभग 60 शब्दों में लिखिए।<br>**अथवा**<br>(2) आप इस वर्ष दशहरे के अवसर पर विद्यालय के प्रांगण में मेले का आयोजन करना चाहते हैं। इसी से संबंधित सूचना लगभग 60 शब्दों में विद्यालय के सूचना पट्ट के लिए लिखिए।<br>१.फॉर्मेट 2. विषय ३.भाषा | |
| **17** | निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए– | |

| | | |
|---|---|---|
| | (1) आपकी बड़ी बहन ने एक संगीत सिखाने की संस्था खोली है। इसके लिए लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।<br>**अथवा**<br>(2) एक साइकिल कंपनी किशोरों के लिए नया उत्पाद बाजार में लाना चाहती है। उसके लिए लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।<br>१.फॉर्मेट 2. विषय ३.भाषा | **3x1=3** |
| **18** | (1) 'छोटी भूल का बड़ा दुष्परिणाम' विषय पर लघुकथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए।<br>**अथवा**<br>(2) आपके क्षेत्र में कोई भी टेलीविजन सहजता से दूरदर्शन के कार्यक्रम नहीं पकड़ पाता। बहुत संभव है यह केबल ऑपरेटरों की कारस्तानी हो। दूरदर्शन के महानिदेशक को लगभग 100 शब्दों में एक ई-मेल लिखकर इस ओर उनका ध्यान आकृष्ट कीजिए।<br>१.फॉर्मेट 2. विषय ३.भाषा | **5 x1=5** |